तापमान

| | | |
|---|---|---|
| भोपाल | 39.9° | 24.1° |
| इंदौर | 40.2° | 25.2° |
| जबलपुर | 40.1° | 23.4° |
| ग्वालियर | 40.1° | 24.0° |

दैनिक
# नईदुनिया
भोपाल एवं सागर से एकसाथ प्रकाशित

वर्ष- 77
(भोपाल : वर्ष 39 अंक 141, पृष्ठ 12)
शनिवार 20 अप्रैल 2024
राजधानी संस्करण
कीमतः 3:00 रुपये



**राजधानी...** राहुल को न हिंदी की समझ, न अंग्रेजी की हम...


**खेल...** आशुतोष की बल्लेबाजी देखकर मैंने लुफ्त उठाया...


**व्यापार...** दुनिया का भविष्य बिग टेक से नहीं बल्कि भारत के...


**देश-विदेश...** अब रूस ने 235 ऑस्ट्रेलियाई नागरिकों के प्रवेश...

www.naiduniaonline.com

### दमोह की चुनावी सभा में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा...
# देश को दुनिया की बड़ी शक्ति बनाने का चुनाव

**दमोह( निप्र )। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को दमोह में आयोजित एक विशाल जनसभा को संबोधित किया।जनसभा में मोदी ने जनता से इस बार राज्य की हर सीट पर भारी बहुमत से कमल खिलाने की अपील की है। कार्यक्रम में मंच पर प्रदेश भाजपा अध्यक्ष और खजुराहो से लोकसभा प्रत्याशी विष्णु दत्त शर्मा और दमोह से लोकसभा प्रत्याशी राहुल लोधी सहित अन्य वरिष्ठ नेतागण उपस्थित रहे।**



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भाजपा सरकार की पिछले 10 वर्षों की अहम उपलब्धियां रेखांकित करते हुए देश में फिर एक बार प्रचंड बहुमत से भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनाने की और कांग्रेस पर सनातन विरोधी और भ्रष्टाचारी होने के आरोप लगाए हुए जमकर निशाना साधा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि 2024 का लोकसभा चुनाव केवल सांसद चुनने का चुनाव नहीं है, बल्कि देश की आने वाली पीढ़ी के भविष्य को सुनिश्चित करने का चुनाव है। यह चुनाव आने वाले 5 वर्ष में भारत को दुनिया की बड़ी शक्ति बनाने का चुनाव है। जब दुनिया में युद्ध का माहौल हो, तो भारत में युद्ध स्तर पर काम करने वाली मजबूत सरकार का होना आवश्यक है। यह काम केवल पूर्ण बहुमत वाली भारतीय जनता पार्टी की सरकार ही कर सकती है। बीते 10 वर्षों में देश ने देखा है कि एक स्थिर सरकार विपरीत परिस्थियों में भी कुशल कार्य कर सकती है। कोरोना काल में पूरी दुनिया में हाहाकार मच गया था, मगर देश की मजबूत भाजपा सरकार ने पूरी दुनिया से भारतीयों को देश में सुरक्षित वापस लाई। आज देश में ऐसी मजबूत और स्थिर सरकार है, जो न किसी से डरती है और न ही किसी के सामने झुकती है। भारतीय जनता पार्टी ने राष्ट्र प्रथम के सिद्धांत पर कार्य करते हुए देशहित में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए हैं।


मोदी ने कहा कि आज विश्व में बहुत से देशों की हालत खराब है। कई देश दिवालिया होने की कगार पर खड़े हैं। भारत का एक पड़ोसी देश, जो आतंक का सप्लायर था, वह अब आटे की सप्लाई के लिए तरस रहा है। ऐसे वैश्विक हालातों में भारत, विश्व में सबसे अधिक तेजी से विकसित हो रहा है। आज दुनिया में भारत की वाह-वाही हो रही है, जिस पर हर भारतीय को गर्व हो रहा है। यह सब देश की जनता के वोट के कारण ही संभव हो पाया है। देश के कोने-कोने में फिर एक बार मोदी सरकार के नारों की गूंज सुनाई दे रही है। प्रधानमंत्री ने कहा कि कांग्रेस ने भारत के रक्षा क्षेत्र को दशकों तक कमजोर बनाए रखा। कांग्रेस की सरकारों ने सेना के लिए हथियार खरीदने में भी अपना फायदे पर ज्यादा ध्यान दिया। इन लोगों ने पूरी ताकत लगाकर देश की वायुसेना को कमजोर करने और राफेल विमान से वंचित रखने का प्रयास किया। अगर आज देश में कांग्रेस की सरकार होती भारत में निर्मित तेजस फाइटर प्लेन आज आकाश की बुलंदियों को नहीं छू रहा होता। भाजपा सरकार ने भारतीय सेना को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाया है। आज भारत की पहचान, दूसरे देशों को हथियार निर्यात करने वाले देश के रूप में बन रही है। पिछले वर्ष में भारत ने 21 हजार करोड़ रुपए के हथियार दूसरे देशों को बेचे हैं। भारत ब्रह्मोस मिसाइल को भी निर्यात करने की ओर आगे बढ़ रहा है। कुछ ही क्षणों में ब्रह्मोस मिसाइल की पहली खेप फिलिपीन्स जाने वाली है। इसके लिए सभी देशवासियों को बहुत-बहुत बधाई देता हूं। मोदी ने कहा कि 2014 से पहले देश में चारों ओर निराशा का माहौल बना हुआ था। 2014 में मोदी देशवासियों के बीच एक उम्मीद बनकर आया था, जिसे समूचे देश ने अपना आशीर्वाद दिया। 2019 में मोदी देश के पास विश्वास लेकर आया था, मगर आज मोदी देश के सामने गारंटी लेकर आया है। मोदी की गारंटी ( शेष पेज 2 पर )

### प्रधानमंत्री ने बुंदेलखंड को 44605 करोड़ की सौगात दीं : वीडी शर्मा

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व खजुराहो सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि हम सबका यह सौभाग्य है कि आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मध्यप्रदेश की धरती पर पधारे हैं। मध्यप्रदेश सहित पूरे देश ने तय कर लिया है कि नरेन्द्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाना है। देश की जनता नरेन्द्र मोदी को ऐतिहासिक बहुमत से तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने को आतुर है। प्रधानमंत्री जी के मन में मध्यप्रदेश हमेशा से रहा है और समय-समय पर मध्यप्रदेश को अनेकों सौगातें दी हैं। मोदी जी ने बुंदेलखण्ड को 44 हजार 605 करोड़ की केन-बेतवा लिंक परियोजना की सौगात दी है। इस परियोजना से कभी सूखा और गरीब रहा बुंदेलखंड अब खुशहाल, हराभरा और समृद्धशाली बुंदेलखंड के रूप में जाना जाएगा। देश के गरीबों के कल्याण के लिए गरीबों के मसीहा के तौर पर किसी ने कार्य किया है, तो वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया है। देश में गरीब कल्याण की योजनाओं से 25 करोड़ लोग गरीबी रेखा से ऊपर आए हैं। वहीं मध्यप्रदेश में ढाई करोड़ लोग गरीबी रेखा से ऊपर आए हैं।

## खास-खबरें

### दिनेश त्रिपाठी होंगे देश के नौसेना प्रमुख



**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** सरकार ने एडमिरल दिनेश त्रिपाठी को भारतीय नौसेना का अगला प्रमुख नियुक्त किया है। अपने लगभग 40 साल के विशाल करियर में कई महत्वपूर्ण कार्य करने के बाद त्रिपाठी वर्तमान में नौसेना स्टाफ के उप-प्रमुख हैं और 30 अप्रैल को अपना नया कार्यालय ग्रहण करेंगे। नौसेना स्टाफ के उप-प्रमुख के रूप में कार्यभार संभालने से पहले, त्रिपाठी ने पश्चिमी नौसेना कमान के फ्लैग ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ के रूप में कार्य किया।

### ईरान-इजरायल तनाव के बीच एयर इंडिया ने 30 अप्रैल तक रद्द कीं उड़ानें

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** इजराइल और ईरान के बीच बढ़ते तनाव के बीच, भारतीय वाहक एयर इंडिया ने शुक्रवार को मध्य-पूर्व में उभरती स्थिति के मद्देनजर तेल अवीव से अपनी सभी उड़ानें 30 अप्रैल, 2024 तक निलंबित कर दीं। एयर इंडिया ने पोस्ट करते हुए कहा कि मध्य पूर्व में उभरती स्थिति को देखते हुए, तेल अवीव से आने-जाने वाली हमारी उड़ानें 30 अप्रैल 2024 तक निलंबित रहेंगी। हम लगातार स्थिति की निगरानी कर रहे हैं और अपने यात्रियों को सहायता प्रदान कर रहे हैं, जिन्होंने तेल अवीव से आने-जाने के लिए बुकिंग की पुष्टि कर दी है। इस अवधि के दौरान अवीव अवीव, पुनर्निर्धारण और रद्दीकरण शुल्क पर एक बार की छूट के साथ, हम यह दोहराना चाहेंगे।

### लोकसभा चुनाव का पहला चरण
# मप्र में 66.61 प्रतिशत हुआ मतदान

**भोपाल( काप्र )। मध्य प्रदेश में शुक्रवार को पहले चरण के चुनाव में छह लोकसभा क्षेत्रों में 66.61 प्रतिशत मतदान हुआ। प्रदेश के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने पत्रकारों को यह जानकारी दी। ये छह लोकसभा क्षेत्र - शहडोल, मंडला (दोनों अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित), जबलपुर, बालाघाट, छिंदवाड़ा और सीधी हैं जहा आज मतदान हुआ।**



इन लोकसभा क्षेत्रों में 13 जिलों और 47 विधानसभा क्षेत्र आते हैं। अधिकारी ने बताया कि बालाघाट में 72.15 प्रतिशत, छिंदवाड़ा में 79.18 प्रतिशत, जबलपुर में 60.07 प्रतिशत, मंडला में 72.49 प्रतिशत, शहडोल में 63.23 प्रतिशत और सीधी में 54.36 प्रतिशत मतदान हुआ। उन्होंने कहा कि बालाघाट लोकसभा सीट के अंतर्गत आने वाले बैहर और परसवाड़ा विधानसभा क्षेत्रों में नक्सली प्रभाव के कारण सुरक्षा कारणों से सुबह सात बजे से शाम चार बजे तक मतदान हुआ। उन्होंने कहा कि बैहर विधानसभा क्षेत्र के दुबलाई में एक केंद्र पर शत प्रतिशत मतदान हुआ, जिसमें सभी 80 मतदाताओं ने वोट डाला। राज्य के शुरुआती मतदाताओं में पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ और उनके बेटे नकुल नाथ शामिल थे। नकुलनाथ छिंदवाड़ा लोकसभा सीट से चुनाव लड़ रहे हैं। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) 2019 के चुनाव में छिंदवाड़ा सीट जीतने में नाकाम रही थी। राज्य की कुल 29 लोकसभा सीट में से यह एकमात्र लोकसभा सीट थी, जिसे सत्तारूढ़ दल भाजपा नहीं जीत सका। छिंदवाड़ा के अलावा, पहले चरण की दूसरी प्रमुख सीट मंडला (एसटी) है, जहां से मौजूदा सांसद और केंद्रीय मंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते फिर से चुनाव लड़ रहे हैं। राज्य में नवंबर 2023 में हुए विधानसभा चुनाव में 77.82 फीसदी मतदान दर्ज किया गया था। 2014 के लोकसभा चुनाव में राज्य में 61.57 फीसदी मतदान हुआ था, जो 2019 में बढ़कर 71.16 फीसदी हो गया। राज्य में शेष 23 लोकसभा सीट के लिए मतदान चुनाव के तीन और चरणों में 26 अप्रैल, सात मई और 13 मई को होगा।

### त्रिपुरा में सर्वाधिक 80 फीसदी पड़े वोट

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** 2024 लोकसभा चुनाव के लिए पहले चरण का मतदान आज 19 अप्रैल को समाप्त हो गया। पहले चरण के मतदान में, देश भर के 21 राज्य और 102 निर्वाचन क्षेत्रों में वोट डाले गए। 2024 के आम चुनाव देश भर में सात चरणों में होंगे, जो 1 जून को समाप्त होंगे। लोकसभा चुनाव के लिए वोटों की गिनती और परिणाम की घोषणा 4 जून को होगी। आज 66.92 प्रतिशत मतदान हुआ, जिसमें पश्चिम बंगाल में 77.57 प्रतिशत मतदान हुआ। इसके बाद त्रिपुरा में 76.10 प्रतिशत और पुडुचेरी में 72.84 प्रतिशत मतदान हुआ। बिहार में सबसे कम 48.50 प्रतिशत मतदान हुआ। कुछ अन्य राज्यों की बात करें तो इसमें अरुणाचल प्रदेश में 67.1 फीसदी, जम्मू कश्मीर में 65.08 फीसदी, छत्तीसगढ़ में 63.41 फीसदी, महाराष्ट्र में 55.84 प्रतिशत, मणिपुर में 68.62 फीसदी, राजस्थान में 50.27 फीसदी, जबकि तमिलनाडु में 63.20 फीसदी मतदान हुआ है। त्रिपुरा में 80.17 फीसदी, उत्तर प्रदेश में 58.43 प्रतिशत उत्तराखंड में 54.09 प्रतिशत वोट डाले गए। उत्तर प्रदेश के बिजनौर में 54.68 फीसदी, कैराना में 58.68 फीसदी वोट पड़े।

### मणिपुर में ईवीएम तोड़ी, चली गोलियां, बंगाल में पथराव

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** लोकसभा चुनाव 2024 के पहले चरण का मतदान शुक्रवार शाम छह बजे संपन्न हुआ। पश्चिम बंगाल में जमकर हिंसा की घटनाएं देखने को मिलीं, वहीं पर सबसे ज्यादा मतदान भी हुआ। बंगाल में शाम पांच बजे तक सबसे अधिक 77.57 फीसदी वोटिंग हुई, जबकि बिहार में सबसे कम सिर्फ 46.32 प्रतिशत मतदाताओं ने इतने समय तक वोट डाले। ऐसे में वोटिंग के मामले में बिहार सभी राज्यों और संघ शासित प्रदेशों से पिछड़ गया। वोटिंग के बीच मणिपुर और पश्चिम बंगाल में हिंसा की कई घटनाएं देखने को मिलीं । नॉर्थ ईस्ट के राज्य मणिपुर में बवाल का आलम यह था कि वहां फायरिंग और हंगामे के बीच इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) को तोड़कर फेंक दिया गया। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर इस घटना से जुड़े कई वीडियो पर सामने आए, जो कि देखते ही देखते वायरल हुए ।


### गांधीनगर लोकसभा सीट से शाह ने भरा नामांकन, बोले-
# मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के लिए पूरा देश उत्साहित

**गांधीनगर ( एजेंसी )।** केंद्रीय गृह मंत्री और वरिष्ठ भाजपा नेता अमित शाह ने शुक्रवार को आगामी लोकसभा चुनाव के लिए अपना नामांकन दाखिल किया। शाह गांधीनगर सीट से चुनाव लड़ेंगे। उनके साथ गुजरात के सीएम भूपेन्द्र पटेल भी थे। उन्होंने कहा कि आज मैंने गांधीनगर सीट से अपना नामांकन दाखिल कर दिया है। यह मेरे लिए गर्व की बात है कि इस सीट का प्रतिनिधित्व लालकृष्ण आडवाणी, अटल जी ने किया और जिस सीट से नरेंद्र मोदी खुद मतदाता हैं। मैं इस सीट से 30 साल तक विधायक, सांसद रहा हूं। इस क्षेत्र की जनता ने मुझे बहुत प्यार दिया है। शाह ने आगे कहा कि इस चुनाव में नरेंद्र मोदी को 400 पार के साथ तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के लिए पूरा देश उत्साहित है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश ने पूरी दुनिया में परचम लहराया है। उन्होंने कहा कि देश की जनता ने जो 10 साल दिए, वे यूपीए सरकार द्वारा किए गए गड्ढों को भरने में खर्च हो गए और ये अगले 5 साल विकसित भारत के निर्माण की नींव रखने के साल हैं।



### देश में स्थापित होने जा रहा है रामराज्यः राजनाथ

**हैदराबाद ( एजेंसी )। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शुक्रवार को कहा कि अब इस बात के संकेत मिल चुके हैं कि देश में राम राज्य स्थापित होने जा रहा है।**



सिकंदराबाद में एक रैली को संबोधित करते हुए रक्षा मंत्री ने कहा कि उन्हें दृढ़ विश्वास है कि अयोध्या में राम मंदिर निर्माण के बाद अब इस बात के संकेत मिल चुके हैं कि भारत में राम राज्य की स्थापना जल्द ही होगी। बता दें कि केंद्रीय पर्यटन और संस्कृति मंत्री और तेलंगाना भाजपा अध्यक्ष जी. किशन रेड्डी ने सिकंदराबाद सीट से अपना नामांकन दाखिल किया। उन्होंने दावा किया है कि बीजेपी जो कुछ भी वादा करती है, उसे पूरा करके ही दम लेती है। उन्होंने याद दिलाया कि 2014 में जब बीजेपी सत्ता में आई थी, तो यह वादा किया था कि हमें दुनिया की कोई भी ताकत राम मंदिर का निर्माण करने से नहीं रोक सकती और ऐसा अब हमने करके दिखा भी दिया। उन्होंने कहा कि इस बार हमने अपने घोषणापत्र में वादा किया है कि अगर हम सत्ता में आते हैं, तो समान नागरिक संहिता ( शेष पेज 2 पर )

### केरल की मूल भावना को नष्ट कर रहे यूडीएफ और एलडीएफ : नड्डा

**पलक्कड़ ( एजेंसी )।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने केरल में एक सार्वजनिक रैली को संबोधित करते हुए कहा कि एक तरफ आप यूडीएफ और एलडीएफ पाएंगे, दोनों ने विनाश और विभाजन की राजनीति का प्रचार किया है, और हिंसा और खून का समर्थन किया है। दूसरी ओर, आपके पास भाजपा का नेतृत्व है, जहां हम यह देखने का प्रयास करते हैं कि भगवान का अपना देश केरल विकसित हो और आगे आए। उन्होंने कहा कि हमारा मानना है कि पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत को आगे आना चाहिए और आत्मनिर्भर बनना चाहिए। नड्डा ने साफ तौर पर कहा कि यूडीएफ और एलडीएफ केरल की मूल भावना को नष्ट कर रहे हैं। दोनों पार्टियां एक ही सिक्के के दो पहलू हैं। दोनों भ्रष्ट और विकास विरोधी पार्टियां हैं जो अक्सर विभाजनकारी नीतियां बनाने में लगी रहती हैं। उन्होंने कहा कि मोदी जी के नेतृत्व में हमने केरल को समृद्ध बनाने का प्रयास किया है। लोकसभा चुनाव में हमारे उम्मीदवार को जिताएं ताकि बीजेपी-एनडीए सरकार अपनी विकास परियोजनाओं को आगे बढ़ा सके।



### सिर्फ जमानत के लिए लकवे का जोखिम नहीं उठा सकता : केजरीवाल



**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने शुक्रवार को ईडी पर उनके डॉक्टर द्वारा तैयार आहार चार्ट को गलत तरीके से पेश करने का आरोप लगाया। जानबूझकर शुगर के स्तर को बढ़ाने के एजेंसी के आरोपों का विरोध करते हुए उन्होंने कहा कि वह सिर्फ जमानत के लिए लकवे का जोखिम नहीं उठा सकते। राउज एवेन्यू कोर्ट की विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा ने 22 अप्रैल के लिए डॉक्टर से परामर्श की मांग वाली सीएम केजरीवाल की अर्जी पर अपना फैसला सोमवार के लिए सुरक्षित रख लिया और तिहाड़ जेल प्रशासन को निर्देश दिया कि यदि आवश्यक हो, तो शनिवार तक जवाब दाखिल किया जाए।

**स्पेशल खबर** सोशल-डिजिटल-फिजिकल माध्यमों से...
# भाजपा कर रही राष्ट्रनिर्माण :अनुराग



**शिमला ( एजेंसी )।** केंद्रीय सूचना प्रसारण व खेल व युवा कार्यक्रम मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने मोदी सरकार का एजेंडा सशक्त-सक्षम-विकसित भारत को बताते हुए सोशल-डिजिटल-फिजिकल माध्यमों से भाजपा द्वारा राष्ट्रनिर्माण की बात कही है। अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा कि आदरणीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में आज भारत उपलब्धियों की नई ऊँचाइयों को छू रहा है। मोदी सरकार का एजेंडा सशक्त-सक्षम-विकसित भारत है और सोशल-डिजिटल-फिजिकल माध्यमों से भाजपा राष्ट्रनिर्माण के लिए प्रतिबद्ध है। भाजपा का संकल्प पत्र केवल एक घोषणापत्र नहीं बल्कि करोड़ों भारतवासियों के सपनों को सिद्ध करने का संकल्प पत्र है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के कुशल नेतृत्व में भारतीय जानता पार्टी को देश की सेवा करने का अवसर मिला और इस अवसर का पूर्ण उपयोग करते हुए हमने एक 'नए भारत, विकसित भारत' की नींव रखने का कार्य किया है और इसी नींव को आने वाली सदियों के लिए और मजबूत करने के लिए हम तत्पर हैं। हमारा संकल्प है कि हम भारत को वर्ष 2047 तक विकसित राष्ट्र बनायेंगे जिसके लिए अगले पाँच निश्चित रूप से साल निर्णायक होंगे । आगे बोलते हुए उन्होंने कहा कि आज भारत में भाजपा अकेला ऐसा राजनीतिक दल है जिसने जो भी संकल्प लिया उसे सिद्ध भी कर के दिखाया है फिर चाहे वह राम मंदिर हो, आर्टिकल 370 का विषय हो या फिर ट्रिपल तलाक हो। हर वो विषय जिसे केवल चुनावों के लिए राजनीतिक दलों द्वारा इस्तेमाल किया जाता था हमने उसे जनता के आशीर्वाद के साथ पूरा कर के दिखाया है।